वीरमाधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)

Veer Madho Singh Bhandari Uttarakhand Technical University

(Formerly Uttarakhand Technical University Established by Act no. 415/2005 by Uttarakhand Government)
Chakrata Road, P.O. Chandanwadi, Premnagar, Suddhowala, Dehradun, Uttarakhand(India)
Tel.No.0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

Ref.No. 3824 /EXAM/VMSBUTU/2025 Date 14-02-2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
बी0मा0सिं0भ0उ0प्रौ0वि0वि0,देहरादून।

विषयः– सम–सेमेस्टर 2024-25 में अध्यापित कक्षाओं की उपस्थिति को UMS पर अपलोड किये जाने के संबंध में।

महोदय,

संज्ञान में आया है कि कतिपय संस्थानों में शिक्षकों द्वारा सम–सेमेस्टर 2024-25 के प्रारम्भ होने के बाद से अब तक अध्यापित कक्षाओं की उपस्थिति अद्यतन University management System पर Upload नही की गयी है तथा संस्थानों द्वारा पोर्टल खोले जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त सम–सेमेस्टर 2024-25 के प्रारम्भ होने से अतिथि तक अध्यापित कक्षाओं की उपस्थिति UMS पर दर्ज करने हेतु पोर्टल को 16 फरवरी 2025 तक खोला जा रहा है तथा इस तिथि के बाद किसी भी दशा में पीछे की उपस्थिति अपलोड करने की अनुमति नही दी जायेगी।

यह भी सूचित करना है कि किसी भी तिथि की अध्यापित कक्षाओं की उपस्थिति उसी दिन UMS पर अपलोड करने की कार्यवाही विगत की भॉति किया जाना अपेक्षित है। अपरिहार्य परिस्थिति में अध्यापित तिथि से अग्रिम तीन दिवस के भीतर उपस्थिति UMS पोर्टल पर दर्ज किया जा सकता है जिसे किसी भी दशा में भविष्य में विस्तारित नही किया जायेगा।

आपसे यह भी अपेक्षा है कि सभी शिक्षकों को यह भी निर्देश जारी करें कि छात्रों की उपस्थिति, उपस्थिति पंजिका में भी कक्षा समय–सारिणी के अनुसार अध्यापित करने के दौरान ही तत्काल स्याही पेन से Present (P) एवं Absent (A) लगाते हुये दर्ज करना सुनिश्चित करें एवं छात्रों को समय–समय पर उनकी प्रतिशत–उपस्थिति से अवगत कराने की कार्यवाही करते रहे, ताकि छात्रों के मध्य अकादमिक अनुशासन का अनुकूल वातावरण उत्पन्न हो सके। साथ ही साथ सभी शिक्षक अपने–अपने अध्यापित विषयों के कम से कम आठ Tutorial Sheets 4-Credit विषय हेतु, तथा पॉच Tutorial Sheets 2- Credit विषयों हेतु तैयार कर "जिसमें Numerical एवं Case Studies के समुचित प्रश्न समाहित हों" अध्ययन–अध्यापन कार्य के समग्र संचालन हेतु छात्रों से करायें एवं इस प्रकार सतत मूल्यांकन को दिये जाने वाले Quiz Assignment, Test व उपस्थिति के आधार पर छात्रों का मूल्यांकन करें।

यह भी सूचित करना है कि समस्त कक्षाओं का संचालन निर्धारित Time-Table के अनुसार ही किया जाये तथा किसी शिक्षक के अवकाश पर होने की दशा में वैकल्पिक व्यवस्था आवश्यक रूप से की जाये।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0 को मा0 कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव,वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून
3. वित्त नियंत्रक,वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून।
4. वेब मास्टर,वी0मा0सिं0भ0,प्रौ0वि0वि0देहरादून को इस निर्देश के साथ ही संबंधित पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने एवं समस्त संबंधितों को प्रेषण हेतु।
5. नोडल अधिकारी, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0वी0के0पटेल)
परीक्षा नियंत्रक।